# दिनांक 03.01.2024 को विकास भवन सभागार, उन्नाव में भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में प्रस्तावित कार्यों की आहूत मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

## –:– उपस्थिति –:–

1. जिलाधिकारी, उन्नाव।
2. मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।
4. अधिशासी अभियन्ता, उन्नाव शारदा खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
5. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
6. जिलेदार, बैराज निर्माण खण्ड–2, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, फूलबाग–उ0प्र0 कानपुर नगर।
7. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव।
8. डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव।
9. मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।
10. जनपद हेतु नामित समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) के प्रतिनिधि।
11. मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ।
12. मेसर्स विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्रा0लि0 एवं मेसर्स एन.ए. मीडिया वेन्चर्स प्रा0लि0 (जे0वी0), साणद, अहमदाबाद।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना के निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसके कार्य क्लस्टर– ए एवं बी में कराये जाने हैं। जिस हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निविदा प्रकिया पूर्ण कर कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सेक्टर–सी–2, प्लाट नं0– 177, सुशान्त गोल्फ सिटी, अन्सल ए.पी.आई., निकट लुलु मॉल, लखनऊ को नामित किया गया है। उक्त योजना से सम्बन्धित निम्नलिखित बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक दिनांक 15.12.2023 को कलेक्ट्रेट, उन्नाव स्थित पन्नालाल हाल में सम्पन्न हुई:–

- जल जीवन मिशन के अन्तर्गत गुणता प्रभावित जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना हेतु गंगा बैराज (लवकुश बैराज) परियोजना में बांये गाईड बन्ध के पास डब्ल्यू0टी0पी0 निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में समीक्षा।
- इनटेकवेल से डब्ल्यू.टी.पी. तक रॉ–वाटर राइजिंग मेन बिछाने हेतु सिंचाई विभाग, उन्नाव/कानपुर नगर एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लखनऊ/कानपुर नगर से NOC प्राप्त करने के सम्बन्ध में समीक्षा।
- जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 15.12.2023 को आहूत बैठक की अनुपालन आख्या।
- जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत भूमि उपलब्धता एवं उपयुक्तता (Suitability) की अद्यतन स्थिति।
- जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव मे प्रस्तावित कार्यो पर प्रगति की समीक्षा।
- जनपद में नामित 6 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) के कार्यो की समीक्षा तथा प्रभावति देवी नारी कल्याण समिति, 194–ए, शिवपुर साहबगंज पड़री बाजार, गोरखपुर एवं हैल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाईटी, ग्राम सरसोपार, पोस्ट भुसावल, जनपद गोरखपुर द्वारा सम्पादित कार्यों का प्रस्तुतीकरण।
- जनपद में F.T.K. किट वितरण की समीक्षा।
- जनपद में I.E.C. गतिविधियों की समीक्षा।

- **<u>जल जीवन मिशन के अन्तर्गत गुणता प्रभावित जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना हेतु गंगा बैराज (लवकुश बैराज) परियोजना में बांये गाईड बन्ध के पास डब्ल्यू0टी0पी0 निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में समीक्षा:–</u>** उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि क्लस्टर–ए के अन्तर्गत डब्ल्यू.टी.पी. निर्माण हेतु ग्राम पतारी के स्थान पर गंगा बैराज (लवकुश बैराज) परियोजना में बांये गाईड बन्ध से लगभग 200 मी0 की दूरी पर जनपद कानपुर नगर की तहसील कानपुर सदर के अन्तर्गत कटरी शंकरपुर सराय ग्राम स्थित 9.76 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के अर्द्धशासकीय पत्र सं0– 4080/डब्ल्यू.एस.–103/693 दिनांक 29.12.2023 द्वारा प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को तथा अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा अपने अर्द्धशासकीय पत्र सं0– 4176 दिनांक 30.12.2023 के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर को पत्र लिखा गया है, उक्त भूमि पर डब्ल्यू.टी.पी. के निर्माण से रॉ–वाटर राइजिंग मेन की लम्बाई में कमी होगी जिससे योजना की लागत में बचत की जा सकती है, जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि उक्त प्रस्ताव से योजना में अपेक्षित बचत को सम्बन्धित पत्रावली के नोटशीट में समाहित करें।



Scanned with OKEN Scanner

➢ **इनटेकवेल से डब्ल्यू.टी.पी. तक रॉ–वाटर राइजिंग मेन बिछाने हेतु सिंचाई विभाग, उन्नाव/कानपुर नगर एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लखनऊ/कानपुर नगर से NOC प्राप्त करने के सम्बन्ध में समीक्षा:–** उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि लवकुश बैराज के बांये तटबन्ध के निकट प्रस्तावित इनटेकवेल से क्लस्टर– ए एवं बी के डब्ल्यू.टी.पी. तक रॉ वाटर पहुंचाये जाने हेतु बिछायी जाने वाली रॉ–वाटर राइजिंग मेन को अमृत योजना अन्तर्गत बिछायी गयी राइजिंग मेन के विपरीत लवकुश बैराज से उन्नाव की तरफ बन्धा रोड पर दांये बिछाया जायेगा। जिसे पूर्व में बिछायी गयी अमृत योजना की पाइप लाइन से सिंचाई विभाग द्वारा निर्धारित की गयी गाइडलाइन के अनुसार सड़क के मध्य से 55 मीटर की दूरी पर प्रस्तावित कर क्लस्टर– ए एवं बी की रॉ–वाटर राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछायी जायेगी।

- क्लस्टर–ए के अन्तर्गत प्रस्तावित कुल 16 कि.मी. रॉ–वाटर राइजिंग मेन में से 03 कि.मी. का सर्वेक्षण किया जा चुका है, शेष 13 कि.मी. का सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है।
- क्लस्टर–बी के अन्तर्गत प्रस्तावित कुल 29 कि.मी. रॉ–वाटर राइजिंग मेन में से 10 कि.मी. का सर्वेक्षण किया जा चुका है, शेष 19 कि.मी. का सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है।

जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उन्नाव शारदा खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव एवं अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव को N.O.C. हेतु संयुक्त स्थलीय निरीक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर द्रुतगति से N.O.C. उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

➢ **जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत भूमि उपलब्धता एवं उपयुक्तता (Suitability) की अद्यतन स्थिति:–** उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि योजना से सम्बन्धित कार्यों हेतु फर्म द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्र सं0– 3958/डब्ल्यू–26/2023–24 दिनांक 15.12.2023 के माध्यम से जारी दिशा–निर्देशों के कम में उपलब्ध भूमि के सापेक्ष Hydraulic Design & Drawing, DPR विरचन की कार्यवाही प्रगति पर है तथा जल जीवन मिशन (फेज–4) के अन्तर्गत शिरोपरि जलाशय निर्माण के लिए Re-Zoning हेतु Cluster A & B मे कुल 88 स्थलों पर भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में आप महोदया के पत्र सं0– 4069/डब्ल्यू.एस.–103/689 दिनांक 28.12.2023 के माध्यम से सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को निर्देश प्रदान किये गये है, कुल 88 स्थलों पर वांछित भूमि के सापेक्ष 39 स्थलों पर भूमि राजस्व विभाग द्वारा चिन्हित की गयी है, शेष कार्यवाही प्रगति पर है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता एवं कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ के प्रतिनिधि डिप्टी जनरल मैनेजर श्री एच.बी. सिंह को निर्देशित किया गया कि उक्त चिन्हित स्थलों का सर्वेक्षण करते हुये भूमि को द्रुत गति से प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

➢ **जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव मे प्रस्तावित कार्यो पर प्रगति की समीक्षा:–** उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ द्वारा क्लस्टर ए एवं बी में आवंटित कुल 1682 राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है क्लस्टर–ए के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों में से 35 जोन में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 199.847 किमी. वितरण प्रणाली एवं 8322 नग पेयजल गृह संयोजन करा दिये गये हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। क्लस्टर–बी के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों में से 66 जोन में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 219.846 किमी. वितरण प्रणाली एवं 10197 नग पेयजल गृह संयोजन करा दिये गये हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। इस प्रकार कुल 101 जोन में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये कुल 419.693 किमी. वितरण प्रणाली एवं 18519 नग पेयजल गृह संयोजन उपलब्ध कराये जा चुके हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं, वर्तमान मे जनपद की प्रगति 15.00 प्रतिशत है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| Sl. No. | Month | FHTC Connection (Nos.) Target | Achieved | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Oct-23 | 5000 | 2241 | 2759 |
| 2 | Nov-23 | 9000 | 4269 | 4731 |
| 3 | Dec-23 | 15000 | 11135 | 3865 |
| 4 | Jan-24 | 22500 | 874 | 21626 |
| 5 | Feb-24 | 25000 | - | - |
| **Total FHTC Connection** | | **76500** | **18519** | **32981** |

जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्य की प्रगति पर रोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता तथा कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ के प्रतिनिधि डिप्टी जनरल मैनेजर श्री एच.बी. सिंह को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक 15 दिनों की कार्ययोजना सहित माह में होने वाली पाक्षिक बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें तथा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कार्यालय में कार्यरत समस्त सहायक अभियन्ताओं के माध्यम से कार्यस्थलों की साप्ताहिक निरीक्षण, माह में 01 बार स्वयं, दो माह में 01 बार



Scanned with OKEN Scanner

मुख्य विकास अधिकारी तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा तीन माह में 01 बार कार्यस्थल का निरीक्षण किया जायेगा। साथ ही कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री एच.बी. सिंह को निर्देशित किया गया कि कार्यों को द्रुत गति से करवाते हुए FHTC को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 25.00 प्रतिशत को शीघ्र प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

➢ <u>जनपद में नामित 6 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) के कार्यों की समीक्षा तथा प्रभावति देवी नारी कल्याण समिति, 194–ए, शिवपुर साहबगंज पड़री बाजार, गोरखपुर एवं हैल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाईटी, ग्राम सरसोपार, पोस्ट भुसावल, जनपद गोरखपुर द्वारा सम्पादित कार्यों का प्रस्तुतीकरणः–</u> उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हेतु नामित 6 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) नामतः (1) हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, 82/75/क, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लालकुंआ, लखनऊ (2) हैल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाईटी, ग्राम सरसोपार, पोस्ट भुसावल, जनपद गोरखपुर (3) प्रभावति देवी नारी कल्याण समिति, 194–ए, शिवपुरसाहबगंज पड़री बाजार, गोरखपुर (4) बैसवारा शिक्षित बेरोजगार वेलफेयर एसोसिएशन, बी–957, आवास विकास कालोनी, उन्नाव (5) नवचेतना विकास समिति, बी–76, नेहरू विहार, कल्यानपुर, विकास नगर, लखनऊ को क्लस्टर आवंटन एवं अनुबन्ध गठन के पश्चात Planning and Mobilisation Phase के कार्य प्रारम्भ कर दिये गये है। पिछली बैठक मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में 2 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) नामतः हैल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाईटी, ग्राम सरसोपार, पोस्ट भुसावल, जनपद गोरखपुर तथा प्रभावति देवी नारी कल्याण समिति, 194–ए, शिवपुरसाहबगंज पड़री बाजार, गोरखपुर द्वारा किये गये कार्यो का पी.पी.टी. के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) द्वारा कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा एजेन्सी को कार्यो की प्रगति तेज करने का निर्देश दिया गया।

➢ <u>जनपद में F.T.K. किट वितरण की समीक्षाः–</u>

जनपद में F.T.K. किट वितरण की समीक्षा की गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 1682 राजस्व ग्रामों में प्रत्येक ग्राम हेतु 01 किट वितरण किया जाना प्रस्तावित जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 991 राजस्व ग्रामों में F.T.K. किट का वितरण तथा F.T.K. Training का कार्य पूर्ण किया जा चुका है शेष कार्य प्रगति पर है, एफ.टी.के. वितरण की अद्यतन स्थिति निम्नानुसार हैः–

| S No | District | Block | Total Gram Panchayat | Total Revanue Villages | Total Target for FTK Training (per block) | Trained Participants | Total WQMIS Status | Total FTK Kit Received | FTK Kit Distribution | Balance (9-10) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Unnao | Asoha | 67 | 119 | 595 | 610 | 610 | 119 | 106 | 13 |
| 2 | Unnao | Auraas | 62 | 91 | 455 | 450 | 450 | 91 | 25 | 66 |
| 3 | Unnao | Bangarmau | 55 | 77 | 385 | 385 | 385 | 77 | 27 | 50 |
| 4 | Unnao | Bichhiya | 57 | 81 | 405 | 405 | 405 | 81 | 79 | 2 |
| 5 | Unnao | Bighapur | 67 | 126 | 630 | 625 | 625 | 126 | 40 | 86 |
| 6 | Unnao | Fatehpur Chaurasi | 69 | 105 | 525 | 525 | 525 | 105 | 57 | 48 |
| 7 | Unnao | Ganj Moradabad | 60 | 84 | 420 | 425 | 425 | 84 | 42 | 42 |
| 8 | Unnao | Hasanganj | 81 | 140 | 700 | 700 | 700 | 140 | 56 | 84 |
| 9 | Unnao | Hilauli | 50 | 68 | 340 | 340 | 340 | 68 | 65 | 3 |
| 10 | Unnao | Miaganj | 73 | 135 | 675 | 700 | 700 | 135 | 76 | 59 |
| 11 | Unnao | Nawabganj | 75 | 119 | 595 | 595 | 595 | 119 | 79 | 40 |
| 12 | Unnao | Purwa | 56 | 102 | 510 | 495 | 495 | 102 | 62 | 40 |
| 13 | Unnao | Safipur | 72 | 110 | 550 | 545 | 545 | 110 | 40 | 70 |
| 14 | Unnao | Sikanderpur Karan | 66 | 105 | 525 | 520 | 520 | 105 | 59 | 46 |
| 15 | Unnao | Sikanderpur Sarosi | 55 | 83 | 415 | 425 | 425 | 83 | 59 | 24 |
| 16 | Unnao | Sumerpur | 75 | 137 | 685 | 685 | 685 | 137 | 119 | 18 |
| | | **Total** | **1040** | **1682** | **8410** | **8430** | **8430** | **1682** | **991** | **691** |

उक्त सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि एफ.टी.के. वितरण शीघ्र पूर्ण कर लिये जायें।

➢ <u>जनपद में कियान्वित आई.ई.सी. गतिविधियों की समीक्षा</u>

जनपद में कियान्वित आई.ई.सी. गतिविधियों की समीक्षा की गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आई.ई.सी. गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण



Scanned with OKEN Scanner

जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र सं0– 1809/W-314/JJM/Agency Empanelment/2022-23 दिनांक 04-07-2023 के माध्यम जनपद में कार्यदायी एजेन्सी के रूप में मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ नामित किया गया है। कार्यदायी एजेन्सी द्वारा निम्नलिखित गतिविधियां की जानी प्रस्तावित हैं जिसके सापेक्ष प्रगति नीचे तालिका में दर्शायी गयी है:–

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | फेज–1 | | | | | | फेज–2 | | | | | | | | | | | | फेज–3 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी कार्यशाला | | 05 पेयजल स्रोतों की जॉच (प्रति राजस्व) 05@R.V. | | दीवार लेखन/ ग्राफिक्स (प्रति ग्राम पंचायत) 05@G.P. | | आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल एवं स्वच्छता बैठक (प्रति ग्राम पंचायत) 02@G.P. | | प्राथमिक/ उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्वच्छता क्लब एवं ड्राइंग प्रतियोगिता (प्रति ग्राम पंचायत) 02@G.P. | | सामाजिक मानचित्रण (प्रति राजस्व) 01@R.V. | | स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति (प्रति ग्राम पंचायत) 01@G.P. | | पेयजल एवं स्वच्छता समिति (प्रति ग्राम पंचायत) 01@G.P. | | पेयजल एवं स्वच्छता प्रदर्शनी कार्यक्रम 01@R.V. | | नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेयजल स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम 01@R.V. | | स्वच्छता मेले का आयोजन 01@R.V. | | प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म प्रदर्शन 01@G.P. | |
| | | ग्राम पंचायत | राजस्व ग्राम | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि |
| 1 | सुमेरपुर | 75 | 137 | 685 | 685 | 375 | 375 | 150 | 150 | 150 | 150 | 137 | 96 | 75 | 75 | 75 | 75 | 137 | 96 | 137 | 114 | 137 | 114 | 75 | 75 |
| 2 | बीघापुर | 67 | 126 | 630 | 630 | 335 | 335 | 134 | 134 | 134 | 134 | 126 | 80 | 67 | 67 | 67 | 67 | 126 | 80 | 126 | 120 | 126 | 120 | 67 | 60 |
| 3 | असोहा | 67 | 119 | 595 | 595 | 335 | 335 | 134 | 134 | 134 | 134 | 119 | 112 | 67 | 67 | 67 | 67 | 119 | 112 | 119 | 96 | 119 | 96 | 67 | 60 |
| 4 | हिलौली | 50 | 68 | 340 | 340 | 250 | 250 | 100 | 84 | 100 | 84 | 68 | 58 | 50 | 42 | 50 | 42 | 68 | 42 | 58 | 0 | 58 | 0 | 50 | 0 |
| 5 | पुरवा | 56 | 102 | 510 | 510 | 280 | 280 | 112 | 112 | 112 | 112 | 102 | 132 | 56 | 56 | 56 | 56 | 102 | 102 | 102 | 0 | 102 | 0 | 56 | 0 |
| 6 | बिछिया | 57 | 81 | 405 | 405 | 285 | 285 | 114 | 114 | 114 | 114 | 81 | 126 | 57 | 57 | 57 | 57 | 81 | 81 | 126 | 0 | 81 | 0 | 57 | 0 |
| 7 | नवाबगंज | 75 | 119 | 595 | 595 | 375 | 375 | 150 | 150 | 150 | 150 | 119 | 110 | 75 | 75 | 75 | 75 | 119 | 119 | 119 | 0 | 119 | 0 | 75 | 0 |
| 8 | हसनगंज | 81 | 140 | 700 | 700 | 405 | 405 | 162 | 146 | 162 | 146 | 140 | 66 | 81 | 81 | 81 | 81 | 140 | 140 | 140 | 0 | 140 | 0 | 81 | 0 |
| 9 | औरास | 61 | 91 | 455 | 456 | 305 | 155 | 122 | 122 | 122 | 122 | 91 | 91 | 61 | 91 | 61 | 61 | 91 | 91 | 91 | 0 | 91 | 0 | 61 | 0 |
| 10 | मियागंज | 74 | 135 | 675 | 675 | 370 | 370 | 148 | 148 | 148 | 148 | 135 | 135 | 74 | 74 | 74 | 74 | 135 | 135 | 135 | 0 | 135 | 0 | 74 | 0 |
| 11 | गंजमुरादाबाद | 60 | 84 | 420 | 420 | 300 | 300 | 120 | 120 | 120 | 120 | 84 | 84 | 60 | 60 | 60 | 60 | 84 | 84 | 84 | 65 | 84 | 65 | 60 | 60 |
| 12 | बांगरमऊ | 55 | 77 | 385 | 385 | 275 | 275 | 110 | 110 | 110 | 110 | 77 | 6 | 55 | 6 | 55 | 55 | 77 | 6 | 77 | 0 | 77 | 0 | 55 | 0 |
| 13 | फतेहपुर चौरासी | 69 | 105 | 525 | 525 | 345 | 345 | 138 | 138 | 138 | 138 | 105 | 0 | 69 | 2 | 69 | 69 | 105 | 2 | 106 | 0 | 105 | 0 | 69 | 0 |
| 14 | सफीपुर | 72 | 110 | 550 | 550 | 360 | 360 | 144 | 144 | 144 | 144 | 110 | 85 | 72 | 45 | 72 | 72 | 110 | 45 | 110 | 0 | 110 | 0 | 72 | 0 |
| 15 | सिकन्दरपुर कर्ण | 66 | 105 | 525 | 525 | 330 | 330 | 132 | 0 | 132 | 48 | 105 | 55 | 66 | 40 | 66 | 0 | 105 | 40 | 105 | 0 | 105 | 0 | 66 | 0 |
| 16 | सिकन्दरपुर सिरोसी | 55 | 83 | 415 | 415 | 275 | 275 | 110 | 40 | 110 | 110 | 83 | 55 | 55 | 40 | 55 | 24 | 83 | 55 | 83 | 0 | 83 | 0 | 55 | 0 |
| | कुल योग | 1040 | 1682 | 8410 | 8410 | 5200 | 5050 | 2080 | 1846 | 2080 | 1964 | 1682 | 1291 | 1040 | 878 | 1040 | 935 | 1682 | 1230 | 1682 | 395 | 1682 | 395 | 1040 | 255 |

मेसर्स फेलकॉन को अवशेष निर्धारित लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

➢ **जनपद/ विकास खण्ड/तहसील/ग्राम पंचायत एवं राजस्व ग्राम स्तर पर एल.ई.डी./ होर्डिंग्स एवं अन्य आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से जनमानस में जनजागरूकता कार्यक्रम / गतिविधियों को (Outdoor work) कराये की समीक्षा:–** जनपद में क्रियान्वित आई.ई.सी. गतिविधियों की समीक्षा की गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद/ विकास खण्ड/तहसील/ग्राम पंचायत एवं राजस्व ग्राम स्तर पर एल.ई.डी./ होर्डिंग्स एवं अन्य आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से जनमानस में जनजागरूकता कार्यक्रम / गतिविधियों को (Outdoor work) कराये जाने हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र सं0– 4123/W-314/ JJM/Outdoor Agency Empanelment/2022-23 दिनांक 27.12.2023 के माध्यम जनपद में कार्यदायी एजेन्सी के रूप में मेसर्स विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्रा0लि0 एवं मेसर्स एन.ए. मीडिया वेन्चर्स प्रा0लि0 (जे0वी0) नामित किया गया है। जिस पर उक्त फर्म को आवंटित कार्यों की समीक्षा करने पर समीक्षा बैठक में मेसर्स विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्रा0लि0 एवं मेसर्स एन.ए. मीडिया वेन्चर्स प्रा0लि0 (जे0वी0) के प्रतिनिधि श्री संजय कुमार द्वारा जिलाधिकारी महोदया को प्रगति के सम्बन्ध में चाही गयी जानकारी पर कोई भी संतोषजनक प्रस्तुति नहीं की गयी जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त फर्म को डिबार करते हुये अनुबन्ध निरस्त करने हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ को पत्र लिखने के लिये निर्देशित किया गया है।

अन्त में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुयी।

13/01/2024

जिलाधिकारी/ अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

का/प्र.



Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय जिलाधिकारी, उन्नाव

पत्रांकः— 213 / W-S-103 / 55 दिनांक : 16.01.2024

प्रतिलिपि :—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), किसान बाजार,प्रथम तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव।
5. जिला विकास अधिकारी, उन्नाव।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।
7. अधिशासी अभियन्ता, उन्नाव शारदा खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
8. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
9. अधिशासी अभियन्ता, बैराज निर्माण खण्ड—2, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, फूलबाग—उ0प्र0 कानपुर नगर।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
11. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव।
12. डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव।
13. मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।
14. जनपद हेतु नामित समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
15. मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ।
16. मेसर्स विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्रा0लि0 एवं मेसर्स एन.ए. मीडिया वेन्चर्स प्रा0लि0 (जे0वी0), साणद, अहमदाबाद।

15/01/2024

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

का/पु०

Scanned with OKEN Scanner